देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 176 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 14 अक्टूबर 2020

विचार-प्रवाह...
आखिर कोर्ट से जमानत मिल गई





PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 19.0°

37244.59

2 इमरान खान सेना की कठपुतली

7 चहल को मिलना था मैन ऑफ द मैच

## संक्षिप्त समाचार

### गोंडा में तीन दलित बेटियों पर सोते समय फेंका गया तेजाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** गोंडा। उत्तर प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ ने तमाम प्रयास के बाद भी महिला, बेटी तथा बच्चियों के खिलाफ अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला गोंडा का है। जहां पर सोमवार रात सोते समय तीन दलित बेटियों पर तेजाब फेंका गया। तीनों झुलस गई हैं, इनमें एक गंभीर रूप से घायल है। एसिड फेंकने का कारण अज्ञात है। गोंडा में यह मामला परसपुर क्षेत्र के पसका गांव का है। जहां के रामऔतार (बदला नाम) की तीन बेटियों पर सोते समय तेजाब फेंका गया है।

### फारूक अब्दुल्ला को गोद ले ले चीन दिल्ली में दूतावास के बाहर लगा पोस्टर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने पर सांसद फारूक अब्दुल्ला का हालिया बयान अब उनके गले की फांस बन चुका है। इसी के साथ अब देशभर में फारूक अब्दुल्ला के इस बयान की आलोचना हो रही है। इस बीच नई दिल्ली स्थित चीनी दूतावास के बाहर साइन बोर्ड पर हिंदू सेना द्वारा एक पोस्टर भी चिपकाया गया है। इस पोस्टर में सांसद फारूक अब्दुल्ला की गलत टिप्पणी का विरोध करते हुए चीन से कहा गया है कि वो सांसद फारूक अब्दुल्ला को गोद ले ले।

### हाथरस कांड में सीबीआई अब ऐक्शन में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हाथरस। हाथरस कांड में एफआईआर दर्ज करने के बाद सीबीआई अब ऐक्शन में है। सीबीआई की टीम ने आज गैंगरेप की घटना वाली जगह क्राइम सीन की जांच की। इस दौरान पीड़िता के भाई को भी क्राइम सीन पर लाया गया। इसके अलावा पीड़िता की मां भी अस्पताल से सीधे क्राइम सीन पर पहुंची थीं। वह इस मामले में अहम गवाह हैं। पीड़िता की मां तबीयत खराब होने के चलते अस्पताल गई थीं। अब सीबीआई की टीम उस जगह रवाना हो गई है जहां पीड़िता का शव जलाया गया था।

# देश में घटी ऐक्टिव मरीजों की संख्या

## देश के अगले साल तक आ सकती है कोरोना की वैक्सीनः हेल्थ मिनिस्टर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना के नए केसों में लगातार कमी आ रही है। इस जानलेवा वायरस से मरने वालों की संख्या में काफी कमी दर्ज की गईहै। पिछले 24 घंटे में देश में कोविड–19 के 55,342 नए केस सामने आए हैं। बता दें कि विशेषज्ञों के अनुसार भारत में कोरोना का पीक गुजर गया है और इसके नंबरों में कमी आ रही है। हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने त्योहारों के मौसम में लोगों को खास सतर्कता बरतने की चेतावनी दी है।

केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग के मंगलवार को जारी आंकड़े के अनुसार, देश में कोरोना मरीजों की कुल संख्या 71,75,881 लाख पहुंच चुकी है। कुल ऐक्टिव केसों की संख्या घटकर 8,38,729 लाख हो गई है जबकि 62,27,296 लोग ठीक होकर घर जा चुके हैं। इस

### देश में 71 लाख के पार पहुंचा कोरोना मरीजों की संख्या

जानलेवा वायरस ने देश में अबतक 1,09,856 लोगों की जान ली है। पिछले 24 घंटे में 706 लोगों की मौत हुई है।

केरल, कर्नाटक दे रहे हैं टेंशन हालांकि कोरोना के नए केसों की संख्या में दक्षिण के राज्य केरल और कर्नाटक टेंशन दे रहे हैं। इन दोनों राज्यों में हाल में खत्म हुए त्योहारों के बाद कोविड–19 के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सर्दियों में वायु प्रदूषण बढ़ने के बाद कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ने की आशंका भी है।

**त्योहारों में सतर्क रहने की चेतावनीः** विशेषज्ञों ने आने वाले त्योहारी सीजन में लोगों को कोविड–19 से सतर्क रहने को कहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, त्योहारों में लोगों को ज्यादा भीड़भाड़ से बचना होगा। सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन बेहद जरूरी है और मास्क पहनना अनिवार्य होगा।

### हर्षवर्धन बोले- अगले साल के शुरू तक एक से ज्यादा वैक्सीन!

देश में कोरोना वैक्सीन की तैयारी जोरों पर चल रही है और अगले साल के शुरू में इसके बाजार में उपलब्ध होने की उम्मीद है। बता दें कि ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की वैक्सीन रेस में काफी आगे है। भारत बायोटेक, सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया और जायडस कैडिला देसी वैक्सीन की खोज में जुटे हुए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर हर्षवर्धन ने आज ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स की बैठक में यह जानकारी दी। न्यूज एजेंसी एएनआई ने हेल्थ मिनिस्टर के हवाले से कहा, श्हमें उम्मीद है कि अगले साल के शुरू तक देश को एक से ज्यादा कोरोना वैक्सीन मिल सकती है। हमारे विशेषज्ञ वैक्सीन के वितरण के लिए योजना बना रहे हैं।

**दुनियाभर में 3.77 करोड़ कोरोना मरीजः** वैश्विक स्तर पर कोरोना वायरस मामलों की कुल संख्या 3.77 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई है, जबकि संक्रमण से हुई मौतों की संख्या 10,78,860 से अधिक हो गई हैं। यह जानकारी जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी ने मंगलवार को दी। विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर सिस्टम साइंस एंड इंजीनियरिंग (सीएसएसई) ने अपने नवीनतम अपडेट में खुलासा किया कि मंगलवार की सुबह तक कुल मामलों की संख्या 37,738,569 हो गई थी और मृत्यु दर बढ़कर 1,078,868 हो गई।

### WHO को भी है उम्मीद

डब्ल्यूएचओ की मुख्य वैज्ञानिक सौम्या विश्वनाथन ने भी उम्मीद जताई थी कि जानलेवा कोरोना वायरस की वैक्सीन 2020 के अंत या अगले साल के शुरू रजिस्ट्रेशन के लिए उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा, श्जैसाकि आपको पता है कि 40 वैक्सीन कंपनियां क्लीनिकल स्टेज के कई चरणों में हैं। इनमें से 10 वैक्सीन परीक्षण के तीसरे चरण में हैं। ये वैक्सीन सुरक्षित भी दिख रहे हैं और अच्छे परिणाम परीक्षणों में मिले हैं।

# ईश्वर की ओर से चेतावनी मिली है या सेक्युलर हो गए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। महाराष्ट्र में बीजेपी कार्यकर्ताओं के राज्य में मंदिर खोलने की मांग के बाद राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने भी सीएम उद्धव ठाकरे को चिट्ठी लिखकर बंद पड़े धर्मस्थलों को खुलवाने का अनुरोध किया है। इस पर महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे ने जवाब देते कहा है कि जिस तरह से एकदम से लॉकडाउन लगाना उचित नहीं था, उसी तरह से उसे पूरी तरह से समाप्त करना भी ठीक नहीं है। राज्यपाल की ओर से सेक्युलर होने की बात पर पलटवार करते हुए उद्धव ने कहा, हां, मैं हिंदुत्व का अनुसरण करता हूं और मेरे हिंदुत्व को आपकी पुष्टि की जरूरत नहीं है। उधर, शिवसेना सांसद संजय राउत ने भी राज्यपाल पर निशाना साधा है।

इससे पहले महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने सीएम उद्धव ठाकरे को चिट्ठी लिखकर राज्य में कोरोना की वजह से बंद पड़े धर्मस्थलों को खुलवाने का अनुरोध किया था। राज्यपाल ने तंज कसते हुए पूछा है कि क्या उद्धव को ईश्वर की ओर से कोई चेतावनी मिली है कि धर्मस्थलों को दोबारा खोले जाने को टालते रहा जाए या फिर वह सेक्युलर हो गए हैं।

**मंदिर खुलवाने को बीजेपी ने किया प्रदर्शनः** मंगलवार को सैकड़ों बीजेपी कार्यकर्ता सिद्धिविनायक मंदिर के बाहर पहुंचे और मंदिर खुलवाने के लिए सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं का कहना था का महाराष्ट्र सरकार श्रद्धालुओं के लिए मंदिर नहीं खोल रही है जबकि सारी सेवाएं और अन्य प्रतिष्ठान सभी खोल दिए गए हैं।

**बार, रेस्टोरेंट खुले तो मंदिर बंद क्योंः** गवर्नर कोश्यारीर ने पत्र में आगे लिखा है कि दुर्भाग्य है कि उस मशहूर ऐलान के चार महीने बाद भी आपने एक बार फिर पूजा स्थलों पर लगा बैन बढ़ा दिया है।

### सियासी जंग

▪महाराष्ट्र में मंदिर ना खुलने पर सियासी जंग

# भारत ने सीमा पर बनाए 44 पुल, भड़का चीन

## स्थिति को जटिल न बनाने की दी नसीहत

### सैन्य निगरानी के लिए आधारभूत ढांचे का चीन विरोध करता है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। भारत के चीन से लगे 7 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 44 नए पुल बनाए जाने से ड्रैगन बुरी तरह से बौखला गया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजिन ने मंगलवार को नए पुलों के बनाए जाने पर चिंता जताई और कहा कि किसी भी पक्ष को इलाके में ऐसा कोई कदम नहीं उठाना चाहिए जिससे स्थिति जटिल हो जाए। चीनी प्रवक्ता ने कहा कि सैन्य निगरानी और नियंत्रण के लिए किसी भी आधारभूत ढांचे का चीन विरोध करता है।

चीनी प्रवक्ता का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब भारत ने सीमा से लगे इलाकों में 44 नए पुल बनाए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन द्वारा 7 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में बनाए गए पुलों का उद्घाटन किया। ये पुल 286 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किए गए। राजनाथ सिंह के इस उद्घाटन के बाद अब चीन को तीखी मिर्ची लगी है।

ड्रैगन खुद भारत से लगे इलाके में बड़े पैमाने पर रोड और सैन्य ठिकाने बना रहा चीन अब उल्टे भारत पर स्थिति को जटिल बनाने का आरोप लगा रहा है।

चीन लगातार अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, उत्तराखंड और अक्साई चिन इलाके में कई सैन्य अड्डे बना रहा है या फिर उसे अपग्रेड कर रहा है। यही नहीं चीन ने इन ठिकानों पर घातक हथियार और मिसाइलें भी तैनात की हैं।

### बीआरओ ने 54 पुलों का निर्माण करके रेकॉर्ड बनाया

चीन की इसी चुनौती से निपटने के लिए अब भारत तेजी से सीमा से लगे इलाके में आधारभूत ढांचे को मजबूत कर रहा है। रक्षा मंत्री ने इसके साथ ही नेचिफु टनल की भी आधारशिला रखी। बीआरओ ने एक साल में 54 पुलों का निर्माण करके रेकॉर्ड बनाया है। राजनाथ सिंह ने कहा कि एक साथ इतनी संख्या में पुलों का उद्घाटन और टनल का शिलान्यास, अपने आप में एक बड़ा रेकॉर्ड है। सात राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में स्थित ये पुल कनेक्टिविटी और विकास के एक नए युग की शुरुआत करेंगे। बीआरओ के बनाए गए पुल भारत के लिए युद्ध से लेकर लोगों के लिए बड़े स्तर पर सुविधाजनक होंगे।

# डब्ल्यूएचओ ने की आरोग्य सेतु ऐप की तारीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जिनेवा। कोरोना वायरस के खिलाफ जंग के लिए बनाए गए भारतीय ट्रेसिंग ऐप आरोग्य सेतु की विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख टेड्रोस एधनोम ने जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि इस ऐप की मदद से भारत को कोरोना वायरस के क्लस्टर को पहचानने में मदद मिली। जिससे वहां टेस्टिंग को बढ़ाकर मामले पर काबू पाया गया। इस ऐप को भारत में 15 करोड़ से ज्यादा लोगों ने डाउनलोड भी किया है।

### बोले– इससे कोरोना हॉटस्पॉट पहचानने में मिली मदद

टेड्रोस ने आरोग्य सेतु ऐप की तारीफ करते हुए कहा कि इसकी मदद से स्वास्थ्य अधिकारियों को कोरोना क्लस्टर का पता लगाने में सहायता मिलती है। इसके साथ ही इस ऐप के जरिए यह पता करना भी आसान होता है कि किस क्षेत्र में टेस्ट बढ़ाने की आवश्यकता है।

**सार्वजनिक स्थानों पर जाने के लिए जरूरी है यह ऐपः** भारत सरकार ने लगभग सभी सार्वजनिक स्थानों पर जाने के लिए इस ऐप के इस्तेमाल को जरूरी कर दिया है। ट्रेन, बस या फ्लाइट में सफर से पहले यात्री को आरोग्य सेतु ऐप को दिखाना जरूरी है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in